हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड, उदयपुर की बोर्ड की बैठक पर हुआ व्यय

5224. **श्री भानु कुमार शास्त्री :** क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्तमान वित्तीय संकट के समय 27 और 28 जून, 1977 को दिल्ली में आयोजित हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड, उदयपुर की बोर्ड की बैठक पर कुल कितना व्यय हुआ; और

(ख) इस बैठक के अवसर पर, तारीखवार, कितनी कारें भाड़े पर ली गई थीं; और

(ग) क्या इस बारे में जानकारी सभा-पटल पर रखी जायेगी ?

इस्पात और खान मंत्री (श्री बीजू पटनायक) : (क) से) ग). हिन्दुस्तान जिंक लि० ने 27 और 28 जून को नई दिल्ली में अपने वोर्ड की बैठक पर रु० 9219·21 खर्च किए। इसमें अन्य खर्च के साथ-साथ कम्पनी के निदेशकों व अन्य अधिकारियों का, जिन्हें बैठक में उपस्थित होना था, यात्रा व दैनिक भत्ता तथा नीचे लिखी विभिन्न तारीखों पर भाड़े पर ली गई कारों का खर्च शामिल है :—

तारीख	भाड़े पर ली गई कारों की संख्या
25–6–1977	2
26–6–1977	3
27–6–1977	7
28–6–1977	7

हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड, द्वारा जिंक कैथोड की बिक्री

5225. **श्री भानु कुमार शास्त्री :** क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सितम्बर, 1973 में हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड, द्वारा किन-किन पार्टियों को जिंक-कैथोड बेचा गया था और जिंक कैथोड कितनी मात्रा में बेचा गया था और किस दर पर बेचा गया था ;

(ख) क्या ये सभी लघु उद्योग अथवा कंपनियां, जिन्हें यह जिंक-कैथोड बेचा गया था, बोगस थीं अथवा वे उद्योग अथवा कंपनियां इसे खरीदने के पूर्व ही बंद हो गई थी; और

(ग) क्या केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने इस मामले की जांच की है; और यदि हां, तो उन्हें बाद में बंद करने के क्या कारण हैं ?

इस्पात और खान मंत्री (श्री बीजू पटनायक): (क) अपेक्षित जानकारी विवरण में दी गई है जो सभा पटल पर रखा गया है। **[ग्रन्थालय में रखा गया। देखिये संख्या एल–टी–885/77]**

(ख) छोटे तथा बड़े पैमाने की विभिन्न पार्टियों को जिंक कैथोड की सप्लाई उनके प्रायोजक प्राधिकरणों अर्थात् तकनीकी विकास महानिदेशालय तथा लघु उद्योग विकास आयुक्त की सिफारिश पर की गई थी जो सामान्यतया अपनी देख-रेख वाली तथा अपने यहां दर्ज इकाइयों की जरूरतों की संवीक्षा करते हैं।

(ग) हिन्दुस्तान जिंक लि० द्वारा सितम्बर, 1973 के दौरान की गई जिंक कैथोड की बिक्री के बारे में केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने कोई मामला दर्ज नहीं किया है और न उन्होंने कोई जांच पड़ताल की है।